पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

कार्तिक पूर्णिमा और गुरूनानक जयन्ती पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊः 05 नवम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने कार्तिक पूर्णिमा तथा गुरूनानक जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि गुरूनानक की शिक्षाएॅं सिख धर्म के साथ ही सभी धर्मों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी भारतीय पर्वों का अपना विशेष सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व है।

श्री नाईक ने कहा कि अपनी भारतीय संस्कृति को बनाये रखते हुए सभी लोगों को देश एवं प्रदेश के विकास में सहयोग करना चाहिए।